# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 16 से फर्राटा भरेगा यूपी

## राहत का सफर...पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण

### तैयारियों में जुटा यूपीडा, व्यापार और वाणिज्य को लगेंगे पंख

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**लखनऊ/सुल्तानपुर।** त्योहारों के मौसम में प्रदेश वासियों को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 नवंबर को सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का औपचारिक रूप से लोकार्पण करेंगे। 340.824 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे पर जहां पूर्वी और पश्चिमी यूपी के बीच समय के लिहाज से दूरी कम हो जाएगी, वहीं व्यापार और वाणिज्य को पंख लगेंगे। यूपीडा तैयारियों में जुट गया है। उसके सीईओ अवनीश अवस्थी रविवार को सुल्तानपुर में अपनी टीम के साथ एक्सप्रेस-वे का मुआयना करेंगे।

योगी सरकार ने प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों के विकास के लिए सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी और अयोध्या के अलावा आर्थिक रूप से कम विकसित जिलों आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर को लखनऊ से जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया है। यह लखनऊ-सुल्तानपुर रोड (एनएच-731) पर स्थित ग्राम चांद सराय (लखनऊ) से शुरू होकर यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 नवंबर को करीब 11 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे हवाई पट्टी पर ही जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए तैयारियां चल रही हैं। **-रवीश गुप्ता**, डीएम, सुल्तानपुर



सुल्तानपुर में कूरेभार के पास एक्सप्रेस वे पर बनी हवाई पट्टी।

## आज से बंद हो जाएगा एक्सप्रेस-वे

**एअर स्ट्रिप की साफ-सफाई के लिए रविवार से पांच किमी की परिधि में एक्सप्रेस-वे बंद हो जाएगा। इस बीच, लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले लोगों को कूरेभार से फुलौना होकर गुजरना पड़ेगा।**

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

**340.824** किमी है लंबाई। वर्तमान में छह लेन चौड़ा है। इसे आठ लेन तक विस्तार दिया जा सकता है।

- एक्सप्रेस-वे के एक ओर 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस रोड भी बनाई गई है।
- परियोजना की कुल लागत 22494.66 करोड़ रुपये और सिविल निर्माण की लागत 11216.10 करोड़ रुपये है।
- एक्सप्रेस-वे पर कुल 18 फ्लाईओवर, 7 रेलवे ओवरब्रिज, 7 बड़े पुल, 118 छोटे पुल, 6 टोल प्लाजा, 5 रैंप प्लाजा, 271 अंडरपास निर्मित किए गए हैं।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और यमुना एक्सप्रेस-वे के साथ पूर्वी क्षेत्र, लखनऊ और दिल्ली तक सुगम यातायात

## एक्सप्रेस-वे पर एअर स्ट्रिप का ट्रायल 12 या 13 को

सुल्तानपुर में इस एक्सप्रेव के लोकार्पण की तिथि को देखते हुए यूपीडा के अधिकारी इस पर बने 3.2 किमी लंबे एअर स्ट्रिप का ट्रायल 12 या 13 नवंबर को कर सकते हैं। डीएम रवीश गुप्ता ने बताया कि फिलहाल वायुसेना की ओर से ट्रायल की तिथि को अंतिम रूप नहीं दिया गया।

## डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में भूमि पूजन 19 को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 नवंबर को डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड को दी गई भूमि पर काम शुरू करने के लिए भूमि पूजन भी करेंगे। झांसी नोड में बीडीएल को यूपीडा ने 183 हेक्टेयर जमीन दी है। यहां बीडीएल 400 करोड़ का निवेश करेगी।

### स्कूली बच्चों को मुख्यमंत्री का तोहफा

## 1.80 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 1980 करोड़




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्कूल यूनिफॉर्म के लिए सीधे अभिभावकों के खाते में पैसे भेजे।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक स्कूल के छात्रों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी व्यवस्था से 1980 करोड़ रुपये भेजे। इससे अभिभावक ड्रेस, जूते-मोजे और बैग खरीद सकेंगे। शनिवार को एक करोड़ 80 लाख विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला। बाकी बचे 60 लाख विद्यार्थियों को भी जल्द ही लाभ दिया जाएगा। इसमें हर छात्र के अभिभावक को 11 सौ रुपये दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डीबीटी तकनीक का प्रयोग करने से विभाग को भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्ति मिलेगी। अब शिक्षकों को यह तय करना होगा कि बच्चे इन पैसों से यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और बैग-किताबों के साथ स्कूल आएं। जो बच्चे इसका पालन न करें, उनके अभिभावकों से संपर्क करके व्यवस्था को मजबूत करने का काम करें। ब्यूरो >> संबंधित पेज 4 पर

**1100 रुपये भेजे जा रहे हैं अभिभावकों के खाते में**